# मंडलायुक्त आर रमेश कुमार ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशुओ की सेवा की



युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

**शाहजहाँपुर।** मण्डलायुक्त आर रमेश कुमार ने नगर क्षेत्र के मघई टोला स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मण्डलायुक्त द्वारा कान्हा गौशाला में गौवंशीयों को माला पहनाकर गुड़ व चारा, भूसा खिलाकर गौवंशीयों की सेवा की गई। इसके साथ ही मण्डलायुक्त द्वारा कान्हा गौशाला में सफाई व्यवस्था, शुद्व पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश सम्बन्धी कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मण्डलायुक्त ने कान्हा गौशाला में सफाई व्यवस्था को देख संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि 01 वर्ष के भूसा का स्टॉक नगर निगम द्वारा स्वंय के साधनों से किया गया है। साथ बताया कि ताजा हरा चारा व चोकर प्रतिदिन गौवंशीयों को दिया जाता है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि नगर निगम द्वारा दुर्घटनाग्रस्त व बीमार गौवंशीयों का इलाज नियमित रुप से किया जाता है। मण्डलायुक्त द्वारा इस व्यवस्था पर खुशी व्यक्त की गई।

इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वीरेन्द्र कुमार वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार एवं अन्य अधिकारी कमर्चारीगण उपस्थित रहें।

# जनप्रतिनिधियों की शिकायतें शीर्ष प्रार्थमिकता के साथ निर्धारित समय में निस्तारित की जाएं : मंडलायुक्त



युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

**शाहजहाँपुर।** जनप्रतिनिधियों की शिकायतें शीर्ष प्रार्थमिकता के साथ निर्धारित समय में निस्तारित की जाएं। सम्बन्धित अधिकारी पब्लिक में जाकर जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का निस्तारण करें। यह बात मण्डलायुक्त आर रमेश ने पीडब्ल्यू डी गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा है कि जनप्रतिनिधियों की अपेक्षानुसार निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए जाए। कहा है कि लोकार्पण एवं शिलान्यास के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। जो कार्य पूर्ण नहीं हुए है उन्हें जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं जाएं। आर रमेश ने कहा है कि पंचायत भवन निर्माण के लम्बित प्रकरणों को टीम गठित कर त्वरित निस्तारित किये जाएं। कहा है कि ग्राम सचिव एवं लेखपाल ग्राम पंचायत स्तर की समस्याएं त्वरित निस्तारित करें। उन्होंने कहा है कि हर ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की जमीन होती है अगर लेखपाल द्वारा ऐसा बताया जाता है कि ग्राम पंचायत भवन के लिए ग्राम सभा में जमीन उपलब्ध नहीं है तो सम्बन्धित लेखपाल का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाए। कहा है कि जिस ग्राम सभा में पंचायत भवन के निर्माण हेतु उपयोगी जमीन नहीं मिल पा रही है और दान की जमीन उपलब्ध हो रही है तो उसमें जनप्रतिनिधियों की सहमति अवश्य ली जाएं। उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सूचना जनप्रतिनिधियों को दी जाए। आवास लाभार्थियों का नाम आवास सूची में है और ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री/ मुख्य मंत्री आवास योजना के लाभार्थी को पीड़ित किया जा रहा है तो सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा है कि किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को लाभ दिया जाए। कहा है कि बिजली का संकट नहीं उत्पन्न होना चाहिए। जहां कही बिजली की समस्या उत्पन्न हो रही है वहां पर त्वरित कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल लगाकर ग्राम वासियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए

इस मौके पर डीपीएस राठौर, मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त संतोष शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम सेवक द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, उपजिलाधिकारी सदर दशरथ, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह आदि उपस्थित रहें।